Confederation of Bahadurgarh Industries
Regn. No. HR015202100075
A SOCIETY REGISTERED UNDER HARYANA REGISTRATION AND REGULATION OF SOCIETIES ACT, 2012
Representing all the Industrial Areas of Distt. Jhajjar, Haryana
COBI Helpline - +91: 75001 00080 contact@cobijhajjar.org www.cobijhajjar.org
COBI
नई कोशिश नई आशाएं

COBI/2022-23/01/03 **23/01/2023**

सेवा में,
माननीय मुख्यमंत्री महोदय, श्री मनोहर लाल खट्टर जी
हरियाणा सरकार,
भारत।

विषय : भारी लदे ट्रक/ट्रेलर द्वारा बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र M.I.E.-PART A & B की आंतरिक सड़कों का अवैध और अनधिकृत अतिक्रमण एवं टोल टैक्स से बचने के लिए भारी लदे ट्रक/ट्रेलर द्वारा औद्योगिक क्षेत्र की आंतरिक सड़कों का उपयोग से होने वाली परेशानियों के सम्बन्ध में :

आदरणीय मुख्यमंत्री जी,

नमस्कार।

यह पत्र संदर्भ संख्या COBI/Gen/22-23/018 दिनांक 30/05/2022 वाले पत्र के संदर्भ में है।

हम, कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (COBI), हरियाणा के झज्जर जिले के सभी उद्योगों के लिए एक साझा मंच का प्रतिनिधित्व करते हैं जो सभी प्रकार के उद्योगों के कल्याण और विकास के लिए काम करता है। हमारी सलाहकार और सहायक भूमिका के माध्यम से, हम 19 औद्योगिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे है, जो वर्तमान में हरियाणा के झज्जर जिले में कार्यरत हैं।

महोदय, हम, अपने इस पत्र के माध्यम से, बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र, M.I.E.-PART A & B में भारी लदे ट्रक/ट्रेलर द्वारा बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र M.I.E.-PART A & B की आंतरिक सड़कों का अवैध और अनधिकृत अतिक्रमण एवं टोल टैक्स से बचने के लिए भारी लदे ट्रक/ट्रेलर द्वारा औद्योगिक क्षेत्र की आंतरिक सड़कों का उपयोग से होने वाली परेशानियों के सम्बन्ध में ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं, जो की सिर्फ टोल टैक्स से बचने के लिए ही इन औद्योगिक क्षेत्रो में आंतरिक रास्तो

का प्रयोग कर रहे है, जिसकी वजह से, इन औद्योगिक क्षेत्रों में अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है।

महोदय, इन भारी भार वाले ट्रकों और ट्रेलरों के उपयोग के कारण, इन औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कें दिन प्रतिदिन टूट रही है, जिससे इन औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों के लिए और भी अनेको समस्याएं पैदा हो रही है। ट्रैफिक जाम और टूटी सड़कों के कारण, वास्तविक जरूरतमंद व्यक्ति अपना काम समय पर नहीं कर पाते और उन्हें ट्रैफिक से गुजरने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा, जरूरतमंद साइकिल सवार एवं दोपहिया वाहन सवार, जो मजबूरी में कम जगह में से यातायात को पार करने की कोशिश करते हैं, दुर्घटना के कारण घायल हो जाते हैं और यह सब इन भारी लदे ट्रकों या ट्रेलरों के कारण ही हो रहा है।

हमने पहले भी इसी मुद्दे को संबोधित करते हुए पत्र लिखा है लेकिन हमें आज तक कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिला ।

हम बहादुरगढ़ के M.I.E.-PART A & B, के सभी उद्योगों की ओर से, सम्मानपूर्वक, आपसे अनुरोध करते हैं कि इस विषय में, बिना किसी और देरी के उचित कदम उठाये जाए।

धन्यवाद

Confederation of Bahadurgarh Industries
Regn. No. HR015202100075
JHAJJAR

प्रवीण गर्ग
(अध्यक्ष)

कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज